तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

02 'गांव चलो' अभियान में विधायक अजय ने दिया …

04 बुजुर्गों के सम्मान, स्नेह और सुकून का नया ठिकाना…




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# नकली पनीर को लेकर धमतरी की टीम ने रायपुर की फैक्ट्री में की छापापार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार मिल रही शिकायतों पर खाद्य और औषधि विभाग धमतरी की टीम ने रायपुर के भाठागांव स्थित एक डेयरी यूनिट पर छापामार कार्रवाई कर 560 किलो माल जब्त किया है।

बाजार में बड़े पैमाने पर नकली व मिलावटी पनीर मिलने की शिकायतें आ रही थीं। इसके लिए उच्च विभाग द्वारा जांच व छापेमारी की कार्रवाई के लिए धमतरी की टीम को चुना गया। टीम ने रायपुर भाठागांव क्षेत्र में स्थित मेसर्स केएलपी डेयरी एंड मिल्क प्रोडक्शन नामक फैक्ट्री में दबिश दी। इस दौरान टीम ने गंभीर अनियमितता पाई।

अधिकारियों के अनुसार फैक्ट्री में साफ-सफाई का बेहद खराब स्तर था। चारों ओर गंदगी व बदबू थी। इसी वातावरण में ऐंन्लाग पनीर तैयार किया जा रहा था जिसे असली पनीर के रूप में बाजार में बेचा जा रहा था।

ऐंन्लाग पनीर एक तरह से कृत्रिम उत्पाद होता है जिसे दूध के बजाय अन्य पदार्थों से तैयार किया जाता है। इसे असली पनीर बताकर बेचना उपभोक्ताओं के साथ धोखा है और स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हो सकता है। कार्रवाई के दौरान टीम ने फैक्ट्री से 560 किलो नकली पनीर जब्त किया।

## 560 किलो माल जब्त, साफ-सफाई का भी अभाव था



### जब्त नकली पनीर को जमींदोज किया गया

धमतरी के खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश यादव ने मीडिया को बताया कि उच्च विभाग को इस फैक्ट्री के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कार्रवाई के लिए धमतरी की टीम को चुना गया। उसके साथ फणेश्वर पिथौरा भी मौजूद थे। जांच के दौरान साफ-सफाई में भारी कमी व नियमों का उल्लंघन का मामला सामने आया। कार्रवाई के दौरान विभाग द्वारा लगभग 560 किलो नकली पनीर जब्त किया गया जिसे गोकुल नगर क्षेत्र में गड्ढा खोदकर नष्ट कर दिया गया ताकि इसे दोबारा बाजार में नहीं लाया जा सके। इस पूरी कार्रवाई का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जब्त किया गया माल किसी भी रूप में उपभोक्ता तक न पहुंचे। वर्तमान में धमतरी में नकली पनीर को लेकर किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है।

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती पर आज निकलेगी रैली

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई जाएगी। 13 अप्रैल को दानीटोला वार्ड स्थित आंबेडकर भवन में भारतीय बौद्ध महिला समूह द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज 14 अप्रैल को प्रातः 9 बजे आंबेडकर चौक में माल्यार्पण किया जाएगा, जिसके बाद भव्य नगर रैली निकाली जाएगी। यह रैली आंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, सदरबाजार होते हुए पुनः आंबेडकर भवन पहुंचेगी। समारोह की मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी होंगी। अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि रंजना साहू एवं पालनहार मेश्राम होंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष दीपक वैद्य ने दी है।



### अंबेडकर जयंती समरसता दिवस के रूप में मनेगी

**नगरी।** भाजपा नगरी मंडल द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 स्थित सामुदायिक भवन में 14 अप्रैल को एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, विचारों एवं उनके द्वारा प्रदत्त संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला जाएगा। सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा नगरी मंडल के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है। इस आयोजन में मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू एवं सुलोचना साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास जैन तथा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चेलेश्वरी साहू सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### अंबेडकर जयंती पर 15 को होंगे कई कार्यक्रम

**नगरी।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बजरंग चौक नगरी में 15 अप्रैल को एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। मुख्य अतिथि शंभू कुमार सिंह एडिशनल कलेक्टर रायपुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अबिका मरकाम विधायक सिहावा करेंगी। सह अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक सिहावा, रामप्रसाद मरकाम संरक्षक गोंड समाज नगरी एवं राजेश आनंद तेलसवार ब्लॉक प्रमुख होंगे। विशिष्ट अतिथि बलजीत छाबड़ा, देवचंद मतलाम, मनोज साथी, मिताप साहू होंगे। अन्य अतिथि उमेश देव, रेन लाल देव, सुरेंद्र ध्रुव, प्रमोद कुंजाम, टिकेश्वर ध्रुव, अब्दुल वहीद खान, कवल सिंह साहू, नंद यादव, दिनदयाल, दयाराम मरकाम, कैलाश प्रजापति, विष्णु टंडन, अकबर कश्यप, वामदेव कौशल, रेखवर अली, अय्यूब, तहसीन खान एवं फारुख खान होंगे। यह आयोजन कर्मी एकता संगठन नगरी सिहावा द्वारा किया जा रहा है।

## वनांचल वासियों की उम्मीद टूटी, न दिन में मिलती हैं स्वास्थ्य सुविधाएं और ना ही रात में

# बोराई का सिविल अस्पताल बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जब बोराई अस्पताल का उन्नयन हुआ तो वनांचल वासियों को उम्मीद थी कि अब उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी लेकिन यह उम्मीद सिर्फ सपना बनकर रह गई है। अस्पताल का उन्नयन सिर्फ कागजों में हुआ है, हकीकत में यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जितनी सुविधाएं भी नहीं हैं।

वनांचल क्षेत्र में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करीब पांच साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बोराई के स्वास्थ्य केन्द्र को सिविल अस्पताल के रुप में उन्नयन किया था। अस्पताल में 18 पद स्वीकृत किए गए। आसपास के ग्रामीणों में खुशी थी कि अब स्वास्थ्य सुविधा के लिए लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। अब उनकी यह उम्मीद टूट रही है। बोराई में सिविल अस्पताल सिर्फ नाम का ही रह गया है, यहां सुविधाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से भी कम हैं। सिविल अस्पताल को 24 घंटे अनिवार्य रूप से खुला रखना होता है। ग्रामीणों की शिकायत है कि बोराई में सिर्फ एक आरएमए हैं, वे रात में ऑन कॉल ड्यूटी देते हैं। मुख्यालय छोड़कर वे विश्रामपुरी में रहते हैं। उन्हें अस्पताल आने में लंबा वक्त लगता है। इस कारण ग्रामीण मरीज को आपात स्थिति में यहा लाना पसंद नहीं करते हैं।

### प्रभारी के भरोसे इलाज

बोराई अस्पताल प्रभारी डॉक्टरों के भरोसे चल रहा है। कभी सिहावा, कभी सांकरा तो कभी दुगली से मेडिकल ऑफिसर व आरएमए को ड्यूटी के लिए भेजा जाता है। ग्रामीण माखन सलाम, सोनराज वट्टी, राजेश सामरथ, दुलारसिंग, खुमान सिंह, वीरेन्द्र यादव, जुगलकिशोर, लखन मरकाम, चंद्रप्रकाश नेताम, लीलेश्वर नेताम ने बताया कि जब अस्पताल जाओ तो नए डॉक्टर ड्यूटी पर दिखते हैं। इससे भी मरीजों को परेशान होना पड़ता है। अगर किसी डॉक्टर के पास मरीज को दोबारा दिखाना हो तो जवाब मिलता है कि डॉक्टर की ड्यूटी एक माह बाद फिर लगेगी। स्थायी डॉक्टर की व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों का भरोसा सिविल अस्पताल पर नहीं है।




### नक्सलमुक्ति के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

बोराई क्षेत्र की गिनती पहले नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में होती थी। उस समय नक्सल दहशत के कारण डॉक्टर वहां जाना नहीं चाहते थे। अब पूरा नगरी क्षेत्र नक्सलमुक्त हो चुका है। इसके बाद भी बोराई सिविल अस्पताल में व्यवस्था नहीं सुधरी है। यहां पर स्टाफ क्वार्टर की भी समस्या है। किराये पर सुविधायुक्त मकान भी मिलता।

### भेजा गया है प्रपोजल

बोराई में स्टाफ क्वार्टर के लिए प्रपोजल भेजा गया है। वहां रोजाना एक प्रभारी डॉक्टर की ड्यूटी लग रही है। मरीजों को 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। एक एमओ के अनुपस्थित रहने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं एक एमओ के पीजी कोर्स से लौटने पर स्थायी डॉक्टर की कमी पूरी हो जाएगी।

- डॉ यूएल कौशिक, *सीएमएचओ*

### सांकरा में एक एमओ व तीन आरएमए

उधर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकरा में एक मेडिकल ऑफिसर के साथ ही तीन आरएमए पदस्थ हैं। यहां पर जितना स्टाफ है, उनकी तुलना में न ओपीडी है, न प्रसव है और न ही आपातकाल है। दूसरी ओर बोराई में सिविल अस्पताल में एक मेडिकल आफिसर को पदस्थ किया गया है, वह भी पीजी कोर्स करने चली गई है। वर्तमान में यहां एक भी एमओ नहीं है। आरएमए सिर्फ एक है। उनकी ड्यूटी भी सिर्फ रात में आपातकालीन सेवा के लिए लग रही है। एक फार्मासिस्ट पदस्थ हैं, जिनसे बोराई से ज्यादा नगरी में ड्यूटी ली जाती है।

# शिकायत : बड़े भाई के हिस्से की जमीन छोटे के नाम पर

- मानसिक रूप से बीमार अनुराग की पत्नी और बेटे ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार, न्याय नहीं मिलने पर भूख हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भाई बंटवारा में एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। मानसिक रूप से बीमार बड़े भाई की हक की संपत्ति को छोटे भाई ने अपने नाम कर लिया है। सोमवार को इस मामले की शिकायत मां-बेटे ने लिखित कर कार्रवाई की मांग की है।

मामला कुरूद तहसील के ग्राम सिवनीकला का है। श्रीमती दुर्गेश नंदनी, यश चन्द्राकर ने अपर कलेक्टर से मुलाकात कर लिखित शिकायत की है कि सिवनीकला में 25 एकड़ 70 डिसमिल पैतृक संपत्ति है। इस संपत्ति के दो भाई अनुराग चन्द्राकर पिता स्व. देवकुमार चन्द्राकर तथा अमित चन्द्राकर पिता स्व. देवकुमार चन्द्राकर बराबर के हकदार हैं। अनुराग चन्द्राकर मानसिक रूप से बीमार हैं। पिता देवकुमार की मौत होने के बाद छोटे भाई ने 25.70 एकड़ में से 24.70 एकड़ जमीन को षड्यंत्रपूर्वक अपने नाम पर पटवारी रिकार्ड में दर्ज करा लिया है। अनुराग चन्द्राकर के नाम पर मात्र 1 एकड़ खेत रखा गया है। शिकायतकर्ता दुर्गेश नंदनी ने बताया कि वह अनुराग चन्द्राकर की पत्नी है। यश चन्द्राकर अनुराग का पुत्र है जो 15 वर्ष का हो चुका है। उन्होंने कहा कि उसके पति को जानबूझकर मानसिक रूप से बीमार बनाया गया है। पांच साल पहले अपने पति का इलाज कराने गांव में चन्द्राकर समाज को आवेदन किया था। तब उसके देवर ने इलाज करा रहा हूं, कहकर उसे इलाज कराने नहीं दिया। सोची समझी साजिश के तहत पति अनुराग चन्द्राकर को पागल बनाकर घर में रखा गया है। षड्यंत्रपूर्वक अनुराग के हिस्से की जमीन को उसके देवर ने अपने नाम कर लिया है।

शिकायतकर्ता ने अमित चन्द्राकर के नाम पर दर्ज 24 एकड़ 70 डिसमिल का बी-1, खसरा तथा अनुराग चन्द्राकर के नाम पर दर्ज 1 एकड़ का बी-1, खसरा प्रस्तुत कर अनुराग के हिस्से की जमीन को अनुराग के नाम पर करने तथा मामले की जांच कर जालसाजी करने वाले अपराध दर्ज करने की मांग की है। पीड़ितों ने न्याय नहीं मिलने पर भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

इस संबंध में अमित चन्द्राकर से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत, पांच घायल

- अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






नेशनल हाईवे सहित अलग-अलग अन्य मार्गों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार बाइक चालकों की मौत हो गई है। वहीं घटना में पांच लोग घायल हुए। गंभीर रूप से एक घायल को रायपुर रिफर किया गया है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम गिरौद-मेघा निवासी भूपेंद्र साहू पिता सुखचंद उम्र 23 वर्ष धमतरी के वर्धमान शोरुम में काम करता था। रविवार को युवक अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एयू 8838 से ग्राम बोड़रा गया। जहां से तीन बच्चे सूर्यकांत साहू पिता रामकुमार उम्र 10 वर्ष, उसका भाई सुमीत साहू उम्र 12 वर्ष व डिकन साहू पिता नोहर उम्र 10 वर्ष ग्राम लिमतरा के साथ ग्राम भेण्ड्री जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम सांकरा मोड़ डीपीएस स्कूल के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में सभी गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां डाक्टर ने चेकअप के बाद भूपेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल तीनों बच्चों का निजी अस्पताल में उपचार जारी है।

बिरेझर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम ढेठा निवासी योगेश्वर ध्रुव पिता सरजूराम उम्र 37 वर्ष ड्राइवरी का काम करता था। रविवार को युवक बाइक से अपने ससुराल ग्राम निपानी जा रहा था। इसी दौरान ग्राम दरबा के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार के चालक ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान रविवार की शाम युवक की मौत हो गई।

### दो बाइक में हुई टक्कर

भागवत साहू पिता भरतलाल 42 वर्ष ग्राम केसरा थाना रानीतराई जिला दुर्ग निवासी रविवार को ग्राम कोर्रा से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम हंचलपुर के पास सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 07 डीसी 0195 के साथ भिड़ंत हो गई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल भागवत को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम घानापुरी निवासी अकबर सलाम पिता चतुराम उम्र 60 वर्ष रविवार को अपनी मोपेड से गुरुर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम चूल्हापथरा के पास वृद्ध मोपेड सहित गिरकर घायल हो गया था। जानकारी होने पर पुत्र सोहन सलाम अपने ममरे भाई के साथ घटनास्थल पहुंच घायल वृद्ध को बाइक से उपचार के लिए गुरुर अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दैरान ग्राम चूल्हापथरा में ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में पहले से घायल वृद्ध दोबारा घायल हो गया। वहीं दोनों भाई भी घायल हो गए। संजीवनी 108 की मदद से तीनों को गुरुर अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर करने पर तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल त्रिलोक ध्रुव को रायपुर रिफर किया गया। वहीं घायल सोहन का प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस चौकी द्वारा सोमवार को चारों शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लोहरसी में शिरोमणि सेन जयंती आज

**धमतरी।** सर्व सेन समाज परिक्षेत्र आमदी के तत्वावधान में 14 अप्रैल मंगलवार को झिरिया साहू समाज भवन लोहरसी में सेन समाज के इष्टदेव संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती मनाई जायेगी। पूजा-अर्चना एवं कलश यात्रा सुबह 9 बजे निकलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता राधेश्याम सेन अध्यक्ष संत सेन नाम कोर ग्रुप रायपुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि कविता बाबर जिला पंचायत सदस्य, प्रकाश पवार जनपद पंचायत सदस्य लोहरसी, खिलेन्द्र ध्रुव ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी धमतरी, रूद्रकुमार सेन प्रदेश महासचिव सर्व सेन समाज, कमलनारायण सेन प्रांत उपाध्यक्ष सेलून एसोसिएशन संघ, महेश्वरी गजेन्द्र सरपंच लोहरसी, चन्द्रहास साहू उपसरपंच, ओंकार सोनवानी विधायक प्रतिनिधि, होमेश्वर साहू सरपंच मुजगहन होंगे। सेवकराम सेन अध्यक्ष सर्व सेन समाज परिक्षेत्र आमदी ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।



### अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को मनायी जाएगी

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पंडित बालेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष देव पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व रविवार 19 अप्रैल को मनाया जायेगा। भगवान विष्णुजी के छठवें अवतार भगवान परशुराम का अवतरण संध्याकाल में हुआ था। इस दिन से सतयुग आरंभ हुआ था। मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस दिन प्रातः स्नान करके दान करने वाला अक्षय पुण्य फल का महाभागी होता है। इसी दिन से किसान कृषि कार्य प्रारंभ करते हैं।

# सैकड़ों किसान डिफाल्टर, अब नहीं मिलेगा जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण


फाइल फोटो

- ऐसे किसानों को 15 मार्च तक भुगतान करने का अवसर दिया था, फिर भी राशि जमा नहीं की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में सहकारी समितियों और बैंकों से कर्ज लेने वाले किसानों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। निर्धारित समय-सीमा तक ऋण जमा नहीं करने वाले सैकड़ों किसानों को 1 अप्रैल से डिफाल्टर घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही आगामी खरीफ सत्र 2026-27 में उन्हें जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण की सुविधा से वंचित रहना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के 66 हजार 160 किसानों को लगभग 265 करोड़ रुपए का फसल ऋण वितरित किया गया था। इनमें से कई किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री नहीं की, जिसके चलते उनकी ऋण राशि लंबित रह गई। करीब 2.29 करोड़ रुपए का कर्ज अब भी बकाया है। ऐसे किसानों को पहले नोटिस जारी कर 15 मार्च तक भुगतान का अंतिम अवसर दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी राशि जमा नहीं होने पर कार्रवाई की गई।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 15 मार्च के बाद बकाया राशि पर 3 प्रतिशत ब्याज लगाया गया था, वहीं 31 मार्च तक भुगतान नहीं करने वाले किसानों पर 1 अप्रैल 2026 से 14.25 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लागू कर दिया गया है। पूरी राशि जमा करने के बाद ही किसान पुनः ऋण लेने के पात्र होंगे। साथ ही डिफाल्टर किसानों को नए सत्र में सहकारी समितियों से खाद और बीज जैसी सुविधाएं भी नहीं मिलेंगी। जिला सहकारी बैंक में इन दिनों किसान राशि निकालने और जानकारी लेने पहुंच रहे हैं।

## धान के खेतों में सिंचाई के लिए चल रहे दिन-रात मोटरपंप

# गर्मी शुरू होते ही एक मीटर नीचे गिरा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गर्मी पड़ते ही भू जलस्तर गिरने लगा है। अब तक करीब एक मीटर तक जलस्तर गिर चुका है। कई क्षेत्रों में हैंडपंप और मोटरपंप जवाब दे चुके हैं। इससे लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

चना, गेहूं के साथ इस साल बड़े क्षेत्रफल में धान की फसल लगाई गई है। गर्मी शुरू होते ही धान की सिंचाई के लिए कृषि पंप दिन रात पानी उगल रहे हैं। उधर गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल और निस्तारी के लिए भी पानी की जरूरत बढ़ गई है। इन जरूरतों के लिए भी मोटरपंप से जमीन का पानी खींचा जा रहा है। इससे तेजी के साथ भू जलस्तर नीचे जा रहा है। जिले का सालाना औसत भू जलस्तर करीब 18 मीटर है। गर्मी के शुरूआती चरण में औसत जलस्तर एक मीटर नीचे चला गया है। करीब आधा मीटर की गिरावट तो पिछले एक माह में दर्ज की गई है। वर्तमान में भू जलस्तर 18.70 मीटर हो गया है। पेयजल संकट से निबटने के लिए पीएचई ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। पीएचई के टेक्निशियनों की टीम गांव-गांव घूम रही है। जहां पर शिकायत आ रही है, वहां मरम्मत का काम किया जा रहा है। अब तक दर्जनों मोटरपंपों में राइजिंग पाइप डाला जा चुका है।

### यह है वाटर लेवल की स्थिति

वाटर लेवल की स्थिति देखें तो धमतरी ब्लाक में सबसे ज्यादा नीचे पानी है। यहां पर 19.63 मीटर तक जलस्तर गिर चुका है। वहीं कुरूद में 19 मीटर तक भू जलस्तर नीचे चला गया है। मगरलोड में 18.65 और नगरी ब्लाक में 17.50 मीटर तक भू जलस्तर गिरा है। जिले का औसत जलस्तर 18.70 मीटर नीचे चला गया है। अभी तक अप्रैल, मई और जून का माह बाकी है, ऐसे में गिरावट अभी ढाई माह और जारी रहने की आशंका है।



### धमतरी भी ड्राई जोन में

जिले में मगरलोड और नगरी के कुछ क्षेत्र ड्राई जोन में आते थे, जहां पर गर्मी शुरू होते ही पानी की किल्लत शुरू हो जाती थी। मगरलोड में पठार सहित कई क्षेत्रों में भयावह जल संकट की स्थिति रहती थी। लगातार भूजल के दोहन से अब धमतरी ब्लाक का बड़ा क्षेत्रफल भी ड्राई जोन में आ गया है। यहां पर पुरी, रावनगुड़ा का इलाका ड्राई जोन में आ चुका है। इसके अतिरिक्त और कई क्षेत्रों में भू जल सूखने की कगार पर है।

## खबर संक्षेप

### आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 को

**धमतरी।** नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में कक्षा सातवीं, आठवीं और नवमीं में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा के लिए आवेदन 18 अप्रैल तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### पंकज बने ब्लाक कांग्रेस कुरूद के महामंत्री

**डांडेसरा(धमतरी)।** संगठन अभियान के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें ग्राम डांडेसरा निवासी पंकज जोशी को ब्लाक महामंत्री बनाया गया। पंकज



ने अपनी इस नियुक्ति के लिए जिला अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, ब्लाक अध्यक्ष महिम शुक्ला का आभार व्यक्त किया है। श्री जोशी ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उस पर खरा उतरूंगा। ब्लाक में संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा। उनकी नियुक्ति पर जानसिंग यादव, रमेसर साहू, आशीष शर्मा, मनीष साहू, चन्द्रप्रकाश देवांगन, विनय देवांगन, खूबलाल देवांगन, दिनेश देवांगन, संतोष प्रजापति, दामिनी चन्द्राकर, अंगद चन्द्राकर, नुमेश लहरे, उमाशंकर साहू, रूद्रनाथ साहू ने हर्ष जताया है।

# खेल : बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को नए खेलों से जोड़ने जिला प्रशासन एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पहली बार जिला स्तरीय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता गंगरेल स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई। प्रतियोगिता में जिले भर से आए खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में 72 टीम एवं महिला वर्ग में 14 टीम की भागीदारी ने यह साबित किया कि जिले के युवा अब पारंपरिक खेलों के साथ-साथ आधुनिक एवं उभरते खेलों के प्रति भी तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, टीम भावना और अनुशासन का

**गंगरेल की रेत पर हुई वॉलीबॉल स्पर्धा, 86 टीमों ने लिया भाग**





परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। प्रतियोगिता ने न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि जिले में खेल संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक सकारात्मक संदेश भी दिया। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को समान अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें। साथ ही, गंगरेल जैसे पर्यटन स्थलों को खेल गतिविधियों से जोड़कर स्पोर्ट्स टूरिज्म को भी बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

## विधायक ने किया जोरातराई, सौराबांधा, जुगदेही व तर्रागोंदी में जनसंवाद

# ‘गांव चलो’ अभियान में विधायक अजय ने दिया नवाचार, विकास और वैचारिक मजबूती का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

राजनीति में जब संवाद और सरोकार मिलते हैं, तो विकास की नई इबारत लिखी जाती है। कुछ ऐसा ही नजारा भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के दौरान कुरुद विधानसभा में देखने को मिला। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम जोरातराई (सी), सौराबांधा, तर्रागोंदी और जुगदेही का दौरा कर न केवल संगठन की नब्ज टटोली, बल्कि ग्रामीणों के बीच जाकर विकास का एक नया विज़न भी प्रस्तुत किया।

इस प्रवास की सबसे खास बात विधायक का वह सुझाव रहा, जिसने पंचायतों की पारंपरिक कार्यप्रणाली को चुनौती दी। सरपंचों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय कांक्रीट की भवनों, नालियों और सड़कों से आगे





बढ़कर सोचने का है। उन्होंने आह्वान किया कि गांव में ऐसे कार्य किए जाएं जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

### भाजपा को बताया-राष्ट्रवाद का एकमात्र विकल्प

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर अपने चिरपरिचित अंदाज में नजर आए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि आपसी प्रतिस्पर्धा और उपेक्षा संगठन के लिए दीमक की तरह है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को वैचारिक फौज बनने का मंत्र देते हुए कहा कि जो कार्यकर्ता सादगी के साथ विषम परिस्थितियों में खड़ा रहे, वही संगठन की असली शक्ति है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुरुद के विकास में कांग्रेस का दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हर घर तक भाजपा की योजनाएं पहुंच रही हैं, तो वैचारिक धरातल पर हम कमजोर क्यों पड़ें ? उन्होंने क्षेत्रीयवाद और परिवारवाद की राजनीति करने वाले दलों को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा को राष्ट्रवाद का एकमात्र विकल्प बताया।

### हितग्राहियों की समस्याओं को सुना

विधायक ने ग्रामों में चौपाल लगाई और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही मौजूद पदाधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा गांव की रिक्त भूमि पर इस संकल्प के साथ पौधरोपण करें कि आपके गांव का तापमान अन्य क्षेत्रों की तुलना में 5 डिग्री कम रहे।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिन्हा, मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, वरिष्ठ नेता रामस्वरूप साहू, चोवाराम गंजीर, भोलाराम, अभिषेक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए प्रेमलता का सम्मान



**नगरी।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की 70वीं महासभा (ग्राम गट्टासिल्ली) में नगर पंचायत नगरी की प्रेमलता ध्रुव को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। प्रेमलता ने वर्ष 2024 में एमएससी (होम साइंस) अंतिम वर्ष की परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप कर समाज तथा नगर पंचायत नगरी का मान बढ़ाया है। पिता स्व. मन्नूलाल ध्रुव के असामयिक निधन के बाद मां गीता ध्रुव ने कठिन परिस्थितियों में मेहनत-मजदूरी कर अपनी बेटी को शिक्षित किया। उनके संघर्ष और प्रेमलता की लगन ने यह गौरवशाली सफलता संभव की। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी ने 11 अप्रैल को ग्राम गट्टासिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोरी, कोषाध्यक्ष सुरेश ध्रुव, महासचिव नरेश छेदैहा, सहसचिव पूरन नेताम, वित्त सचिव मानिक नेताम, अंकेक्षक टीकम गंगेश, कैलाश मरई, नारद ध्रुव, हीरालाल पडोटी, रामस्वरूप सामरथ सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

**प्ररूप (एक)**

सर्व साधारण/आमजन को सूचित किया जाता है कि मैं **रोशनी तुमरेटी** (ROSHANI TUMRETI) उम्र 32 वर्ष पिता का नाम **भागवत प्रसाद तुमरेटी** पति का नाम **तिजेन्द्र कुमार मरकाम** जाति गोंड़ निवासी ग्राम कण्डेल, पोस्ट कण्डेल, थाना अर्जुनी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) ने अपना पुराना नाम **रोशनी तुमरेटी** (ROSHANI TUMRETI) से बदलकर **रोशनी मरकाम** (ROSHANI MARKAM) रख लिया है तथा अब मैं रोशनी मरकाम (ROSHANI MARKAM) के नाम से जानी-पहचानी जा रही हूँ।

अतः उपरोक्त नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति विशेष, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय, विभाग, सहकारी बैंक, वित्तीय संस्थान अथवा किसी भी विभाग या संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा-आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी दावा-आपत्ति दस्तावेज सहित नीचे दिये गए नम्बर पर सकते हैं, समय पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।

दिनांक

**आवेदिका**
**रोशनी तुमरेटी** (ROSHANI TUMRETI)
पिता भागवत प्रसाद तुमरेटी
पति तिजेन्द्र कुमार मरकाम
निवासी ग्राम कण्डेल पोस्ट कण्डेल
थाना अर्जुनी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)
मोबाईल नम्बर-7909972398

# संस्कारों के उदय की कुंजी है मानसगान : नीलम

- मानसगान स्पर्धा के समापन पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

कुरुद विधानसभा के ग्राम सिरसिदा, परखंदा, उमरदा में आयोजित त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने कहा कि मानसगान प्रतियोगिता से आध्यात्मिक चेतना एवं संस्कारों का उदय होता है जो समाज को मर्यादित जीवन जीने की ओर अग्रसर करता है।

आगे कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने भगवान श्रीराम के वनवास काल के दौरान छत्तीसगढ़ में उनके द्वारा बिताए गए समय और स्थानों को राम वन गमन परिपथ



सहित पर्यटन के रूप में विकसित करने का कार्य किया। यह परियोजना छत्तीसगढ़ में भगवान राम के ननिहाल (कौशल राज्य) के महत्व को दर्शाती है, साथ ही यह सर्किट न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने रामायण प्रतियोगिता जैसी हमारी विलुप्त होती परंपराओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच देने का कार्य किया।

इस अवसर पर सुमेरी साहू, नरेन्द्र ढीढी, लवकुश साहू, पूनम साहू, उपसरपंच सुबोध झा, टीकम साहू, रामरतन साहू, भूपेंद्र पटेल, मनोज साहू, ओमप्रकाश पटेल, नानक सिन्हा, लोचन यादव, ललिता पटेल, ललित निषाद, दुलेश पटेल, चंद्रिका साहू, दुर्गा निषाद, शैल निषाद, सुनीता साहू, रुक्मणि निषाद, दुलारी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी : प्रकाश बैस



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत बेलर मंडल के ग्राम पंचायत घुटकेल, बोराई, मैनपुर, लिखमा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस थे। श्री बैस ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गांव पहुंचकर ग्रामीजनों से आत्मीय भेंट की। उन्होंने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्रामवासियों से अपने गांव को स्वच्छ सुंदर एवं आदर्श बनाने का आह्वान किया।

अपने उद्बोधन में श्री बैस ने कहा कि भाजपा सेवा समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण के मूल सिद्धांतों पर कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों के साथ आत्मीय संवाद किया। भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान कर संगठन के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मौर्यध्वज सेन, जिला उपाध्यक्ष चित्रांश नागवंशी, महामंत्री दीपक साहू, मोनू साहू, मंडल कोषाध्यक्ष उमेश साहू, मंत्री चुम्मन साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लिलेश प्रजापति, महिला महामंत्री सीता साहू, शत्रुघ्न साहू, मिथिलेश साहू व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।




# विद्यालयों में नैतिक शिक्षा पर जोर, डाइट नगरी में शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

- नवीन पाठ्यक्रम से एफएलएन लक्ष्य और 21वीं सदी के कौशल विकास पर विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नगरी में जिले के चारों विकासखंड नगरी, कुरूद, धमतरी एवं मगरलोड के शिक्षकों के लिए आयोजित 5 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर की नई पाठ्यपुस्तकों पर केंद्रित था, जिसमें कक्षा पहली से चौथी तक के पाठ्यक्रम में हुए महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2027 तक बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) के लक्ष्यों को प्राप्त करना तथा विद्यार्थियों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करना है। नवीन पाठ्यपुस्तकें एनसीईआरटी और एससीईआरटी के संयुक्त प्रयास से तैयार की गई हैं, जिनमें बच्चों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें नैतिक शिक्षा, रचनात्मकता, समूह में सीखने की क्षमता और वैश्विक नागरिकता जैसे मूल्यों को शामिल किया गया है।

हिन्दी और अंग्रेजी विषयों में मौखिक भाषा से लेकर लेखन तक 4-खंडीय मॉडल अपनाया गया है, जबकि गणित को खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से सरल और रोचक बनाया गया है। साथ ही योग और कला को भी पाठ्यक्रम में विशेष स्थान दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

प्रशिक्षण में 48 स्त्रोत व्यक्तियों को गतिविधि-आधारित प्रशिक्षण दिया गया, जो आगे अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रकाश राय सहित अन्य अधिकारियों ने शिक्षकों को समयानुसार स्वयं को अद्यतन रखने के लिए प्रेरित किया। यह पहल जिले के विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता और नैतिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सियादेही में सामुदायिक भवन निर्माण भूमिपूजन आज

**धमतरी।** संत शिरोमणि नंदा सेनजी महाराज की जयंती 14 अप्रैल को ग्राम सियादेही में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सर्व सेन समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा आरक्षित भूमि का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच दुर्गेश चंद्रवंशी एवं उपसरपंच गैदू राम नेताम होंगे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन करेंगे। विशिष्ट अतिथि बलीराम नेताम, सजीवन लाल, मनीराम नेताम, खिलावन श्रीवास सहित कई समाज प्रमुख होंगे। आयोजन की तैयारियां सर्व सेन समाज सियादेही-सलोनी परिक्षेत्र के पदाधिकारियों द्वारा जोर-शोर से की जा रही हैं।

### ऑनलाइन आवेदन 27 अप्रैल तक मंगाए गए

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत आमापारा वार्ड क्रमांक 11 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 में सहायिका (मानसेवी) की भर्ती के लिए 27 अप्रैल तक ई-भर्ती पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी ने बताया कि सहायिका पद के लिए 18 से 44 वर्ष तक की आयु की आठवीं उत्तीर्ण और जहां पद रिक्त है, उसी वार्ड की महिला आवेदन करने के लिए पात्र होंगी। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र अथवा वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज होने का क्रमांक की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।

### राजपुर में नवीन सोसाइटी का कल वर्चुअल शुभारंभ

**मगरलोड।** नवगठित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित राजपुर का वर्चुअल शुभारंभ 15 अप्रैल बुधवार को सुबह 11 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता विजय यदु भाजपा जिला उपाध्यक्ष करेंगे। विशिष्ट अतिथि कृष्णकुमार ध्रुव जनपद सभापति सहकारिता, कविता सिन्हा जनपद सदस्य, श्रवण साहू पिछला वर्ग मंडल अध्यक्ष, जनक लाल साहू प्राधिकृत अधिकारी मोहंदी सोसाइटी, जामबाई सिन्हा सरपंच राजपुर, हरिविनायक सिन्हा सरपंच सरगी, शत्रुघ्न साहू प्राधिकृत अधिकारी भोथीडीह सोसाइटी, नंदनी सिन्हा भाजपा मंडल महामंत्री, मुरली सिन्हा मंडल महामंत्री, डामेश्वर सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सोसाइटी बोरसी होंगे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण के पदाधिकारियों की घोषणा

**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। धर्मेन्द्र पटेल को ब्लॉक कांग्रेस का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर मोहन जांगड़े (तेलीनसत्ती), श्रीराम केले (झिरिया), रघुवीर रामटेके (देमार), घासीराम साहू (कुर्रा ), विजेन्द्र रामटेके (रूद्री) एवं एमन साहू (आमदी) को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद पर केशव साहू (रूद्री), बंटी मरकाम (रुद्री), हेमलाल बंजारे (पीपरछेड़ी), मुकेश ध्रुव (कसही), शिवनंदन नेताम (तेन्दुकोन्हा), चन्द्रहास साहू (पीपरछेड़ी), गुंजा साहू (भानपुरी) एवं ओंकार सोनवानी (लोहरसी) को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर साकेन्द्र निषाद (जवरगांव), जीवनलाल डहरिया (नवागांव), गीतेश्वरी सिन्हा (डोड़की), शुभम यादव (छाती), भरत सार्वा (कंडेल), खिलेश साहू (लिमतरा), देवलाल साहू (बलियारा), तुका साहू (खरेंगा), योगेश्वर साहू (जुनवानी) एवं लेखराम साहू (शंकरदाह) को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# साड़ी वितरण में गड़बड़ी पर महिला कांग्रेस ने मंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए साड़ी वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर जिला महिला कांग्रेस ने सोमवार को गांधी मैदान में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विभागीय मंत्री एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

महिला कांग्रेस ने साड़ी वितरण में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों के सम्मान से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वितरित साड़ियों की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिससे मेहनतकश महिलाओं के साथ अन्याय हुआ है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की सरकार महिलाओं को झूठे वादों से ठग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महतारी वंदन योजना और सस्ते गैस सिलेंडर जैसे वादे पूरे नहीं किए गए और अब साड़ी वितरण में भी अनियमितता कर महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

जिला महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष अंबिका सिन्हा एवं शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी ने कहा कि यह केवल आर्थिक गड़बड़ी नहीं, बल्कि बहनों के आत्मसम्मान का प्रश्न है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान योगेश शर्मा, सूर्यप्रभा चेटियार, शारदा साहू, आकाश गोलछा, उदित नारायण साहू, विशु देवांगन, हितेश गंगवीर, सुमन मेश्राम, समीना खान, वातांजलि गोस्वामी, गणेश्वरी कामड़े, आशुतोष खरे, वीणा साहू, चंदन रजक, चित्रांश रजक, अम्बर चंद्राकर, सूरज पासवान, योगेश्वर साहू, सूर्या बघेल सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रही। महिला कांग्रेस ने सरकार से साड़ी वितरण में हुई अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**गांधी मैदान में प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी**



कृदत्त कॉलोनी में सियान गुड़ी का शुभारंभ, स्वास्थ्य, मनोरंजन और आत्मीय माहौल की सुविधा

# बुजुर्गों के सम्मान, स्नेह और सुकून का नया ठिकाना बना 'सियान गुड़ी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक, सुरक्षित और सुकून भरा वातावरण उपलब्ध कराने महात्मा गांधी वार्ड स्थित कृदत्त कॉलोनी में सियान गुड़ी का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सांसद रूपकुमारी चौधरी, सांसद भोजराज नाग, विधायक ओंकार साहू तथा नगर निगम महापौर रामू रोहरा की उपस्थिति में हुआ।

यह केंद्र विशेष रूप से बुजुर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जहां उन्हें घर जैसा माहौल प्रदान किया जाएगा। सियान गुड़ी में मनोरंजन, स्वास्थ्य, अध्ययन और सामाजिक सहभागिता से जुड़ी विविध सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे बुजुर्गों को सक्रिय और खुशहाल जीवन जीने में मदद मिलेगी।

यहां प्रतिदिन सुबह योग और व्यायाम की व्यवस्था के साथ दिन की शुरुआत होगी, जिसके बाद पौष्टिक नाश्ता दिया जाएगा। स्वास्थ्य की नियमित जांच, फिजियोथैरेपी, परामर्श सेवाएं और दोपहर के भोजन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष, कैरम, लूडो जैसे खेल, कंप्यूटर एवं मोबाइल प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाएं बुजुर्गों को नई ऊर्जा और ज्ञान प्रदान करेंगी।

समाज कल्याण विभाग की डिप्टी डायरेक्टर मनीषा पांडे ने बताया कि यह योजना पूर्व से संचालित थी, जिसे अब और अधिक विकसित स्वरूप दिया गया है। इसका उद्देश्य बुजुर्गों को अकेलेपन से बाहर निकालकर उन्हें सामाजिक रूप से सक्रिय बनाना है।

सियान गुड़ी का संचालन जननी सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। संस्थान प्रमुख अश्वनी अन्नपूर्णा गजेंद्र ने बताया कि यह 25 सीटर केंद्र है, जहां महिलाएं और पुरुष दोनों बुजुर्ग दिनभर विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपना समय सार्थक बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। सियान गुड़ी में बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए दर्जनों स्टैचू शहर के मूर्तिकार कमलेश कुंभकार, शंकर लाल कुंभकार द्वारा बनाए गए हैं।





#### घर जैसा वातावरण मिलेगा

इस अवसर पर रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद ने कहा कि सियान गुड़ी बुजुर्गों के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यहां उन्हें घर जैसा वातावरण, स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक जुड़ाव मिलेगा, जिससे उनका जीवन सुखद और आत्मनिर्भर बनेगा।

#### बुजुर्गों को मिलेगा सम्मान

भोजराज नाग सांसद कांकेर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के लिए हैं। सियान गुड़ी जैसी पहल बुजुर्गों को सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन देने का सशक्त माध्यम बन रही है।

#### हर गांव और शहर में ऐसे केंद्र स्थापित हो

ओंकार साहू विधायक ने कहा कि यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। हर गांव और शहर में ऐसे केंद्र स्थापित होने चाहिए, ताकि बुजुर्गों को सम्मान, देखभाल और आत्मीयता का माहौल मिल सके।

#### सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी

रामू रोहरा महापौर ने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि बुजुर्गों को घर जैसा वातावरण मिले। सियान गुड़ी में उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे खुशहाल और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे।

# 47 हजार के हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कार में अवैध मादक पदार्थ रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे दो युवकों पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 47 हजार कीमत के हेरोइन - चिट्टा बरामद किया है।

पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति के तहत लगातार अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने नशे के दो सौदागरों को रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस को मुखबिर से धमतरी बस स्टैण्ड के पीछे एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 13 सी 4422 में दो युवक द्वारा अवैध मादक पदार्थ रखकर उसकी बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करने की सूचना मिली। पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। इस दौरान उनके कब्जे से 10.30 ग्राम हेरोइन-चिट्टा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 47 हजार रूपये आंकी गई।



पुलिस ने आरोपी कमर रजा व मो. शोएब अख्तर के कब्जे से 47 हजार रूपये कीमत के हेरोइन-चिट्टा, नकद 12 हजार रूपये, कार कीमत 1.50 लाख, 1 नग आईफोन कीमत 10 हजार, एक नग स्मार्ट फोन कीमत 10 हजार रूपये व अन्य सामग्री सहित कुल 2 लाख 29 हजार की संपत्ति जब्त की है। इस मामले में सिटी कोतवाली में धारा 21-बी, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी कमर रजा पिता सज्जाद 28 वर्ष सदर बाजार धमतरी निवासी व मो. शोएब अख्तर पिता मो. असर गोरी उम्र 26 वर्ष केला बाड़ी थाना पदनामपुर जिला दुर्ग निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

# मुड़पार में ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जिले के ग्राम मुड़पार में रविवार को ठेठवार यादव समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सभापति प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव थे। अध्यक्षता पूर्व प्रांताध्यक्ष कोमल यदु ने की। इस अवसर पर सचिव बाबूलाल सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रांताध्यक्ष द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष दादूराम यदु, सचिव जगनाथ, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद यदु, अंकेक्षक किशन, कार्यालय प्रभारी मधुसूदन यदु सहित कार्यकारिणी के लगभग एक दर्जन सदस्यों एवं कंडेल, छाती, रावनगुड़ा, बानगर, गोकुलपुर, धमतरी शहर, सिलीडीह, अछोटी, थूहा, मड़ईभाठा और नगरी से आए पंच प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही मड़ईभाठा, राजपुर एवं देवपुर के पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया।

समारोह में जिला एवं प्रदेश संरक्षक कृपाराम यादव के मुख्य आतिथ्य तथा संरक्षक कोमल यदु की अध्यक्षता में दाई राजिम स्मृति ठेठवार गौरव सम्मान प्रदान किया गया।

इस दौरान गुलेन्द्र यादव (छाती), बाबूलाल यदु (गोकुलपुर), मुरारी यदु (मड़ईभाठा) एवं निर्भय यदु (मुड़पार) को समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्यारेलाल यदु, विजय यदु, जीवनलाल यदु, आनंद यदु, प्रीतम यादव, तरुण यदु, अधिवक्ता प्रदीप कुमार, चेतन यादव, जागेश्वर यादव, पंचूराम मुड़पार, शोभाराम यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# सर्व सेन समाज एवं सेलून एसोसिएशन मनायेगा सेनजी महाराज की जयंती आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्व सेन समाज जिला धमतरी एवं सेलून एसोसिएशन धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में 14 अप्रैल को संत शिरोमणि नंदा सेनजी महाराज की जयंती चंदापारी सेन समाज भवन में मनाई जाएगी।

सुबह 10 बजे सबसे पहले सेनजी महाराज की पूजा-अर्चना होगी। दोपहर 2 बजे से अतिथियों का उद्बोधन होगा। जिसके बाद सेन भवन एवं सेन चौक रुद्री रोड श्रीराम हॉस्पिटल के पास महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिलावन श्रीवास संभाग अध्यक्ष छग प्रांत नाई सेन समाज रायपुर होंगे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन करेंगे।

विशिष्ट अतिथि मोहित सेन संरक्षक सर्व सेन समाज जिला धमतरी, भगवानीराम शांडिल्य जिला सचिव, रामगोपाल सेन प्रदेश प्रतिनिधि प्रांत नाई सेन समाज छग, कमलनारायण शांडिल्य उपाध्यक्ष प्रांत सेलून संघ छग, देबूराम शांडिल्य पूर्व अध्यक्ष सेलून एसोसिएशन धमतरी, श्रीमती कल्याणी कौशिक संरक्षक महिला प्रकोष्ठ जिला धमतरी, उषा कौशिक जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सर्व सेन समाज जिला धमतरी होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में सेलून एसोसिएशन धमतरी के अध्यक्ष आनंद शांडिल्य, सचिव टिकेंद्र सेन, उपाध्यक्ष दीपक सेन एवं कोषाध्यक्ष यशवंत शांडिल्य जुटे हैं। जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन एवं सचिव भगवानी राम शांडिल्य ने जिस परिक्षेत्र, तहसील में सेन जयंती नहीं मना रहे हैं, ऐसे सामाजिक सदस्यों से धमतरी में शामिल होने की अपील की है।



### आज कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में मनेगी सेन जयंती

**नगरी।** सर्व सेन समाज नगरी-सिहावा द्वारा आज मंगलवार को सेन महाराज की 726 वीं जयंती कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में मनाई जायेगी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा होंगे। अध्यक्षता सर्व सेन समाज के अध्यक्ष प्रकाश सेन करेंगे। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट सिहावा के अध्यक्ष विकल गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल वाधवानी, जनपद सदस्य भुनेश्वरी घृतलहरे, सरपंच शारदा ध्रुव छिपलीपारा, सरपंच दुर्गा दर्रो मुकुंदपुर, प्राचार्य एसके ठाकुर, शिक्षक जशवंत सिंह नेताम, भानेंद्र सुरेशा, उदयलाल सेन, प्रताप सुरेशा, हेमलाल सेन, तकेश सेन, बनवाली सेन, भरत सेन, कैलाश सेन, दीनदयाल सेन, उमेंद्र सेन होंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे समाज के अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा।
















